तापमान

अधिकतम 28.5 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025



11 प्रमुख नेशनल हाइवे का सर्विस रोड हुआ खतरनाक, ट्रैफिक पुलिस ने खुद संभाला मोर्चा, ठेकेदार को बुलाकर पाटे सड़क के गड्ढे





12 नालों की सफाई न होने से कई जगह नहीं हो सकी पानी की निकासी, गर्मी से राहत देने के ....




## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जून माह में रामपुरा में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 23 जून को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में रामपुरा निवासी गौतम और नार्थ ईस्ट दिल्ली निवासी शिवा को गिरफ्तार किया है। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### टूमना से किसान की ट्रैक्टर ट्राली ले गए चोर

**कोसली।** गांव टूमना में चोर एक किसान की ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर ले गए। किसान जोगेन्द्र ने कोसली थाने में दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को उन्होंने अपनी ट्राली घर के सामने प्लाट में खड़ी की थी। बुधवार प्रातः देखा तो ट्राली गायब मिली। ट्राली को कोई व्यक्ति चुरा कर ले गया। उन्होंने अपने स्तर पर ट्राली की तलाश की, लेकिन ट्राली का कुछ पता नहीं चल पाया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए बाइक चालक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में बीते 25 जुलाई को बाइक की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया था।

### पंचायत में जताया रोष, आरोपियों का पता लगाने के लिए अधिकारियों से मिलेंगे

# सुनीता हत्याकांड में दो हफ्ते बाद भी पुलिस खाली हाथ, ग्रामीणों ने खोला पुलिस के खिलाफ मोर्चा

- सीआईए कोसली भी मामले की जांच कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बीते 17 जुलाई की रात गांव मसीत में हुई महिला सुनीता की निर्मम हत्या के मामले में अभी तक आरोपियों का पता लगाने में नाकाम रही पुलिस के खिलाफ वीरवार को ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। गांव की पंचायत में पुलिस कार्रवाई पर रोष जताते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जल्द सीएम नायब सिंह व पुलिस के उच्चाधिकारियों से मिलने से निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने पंचायत में चेतावनी दी कि अगर पुलिस जल्द हत्याकांड का खुलासा नहीं कर पाई, तो वह सड़क जमा करने जैसा निर्णय लेने में भी पीछे नहीं रहेंगे। इस मामले में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया गया। गांव की महिला सुनीता देवी की उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वह घर पर अकेली थी। उसका पति बाहर नौकरी पर गया हुआ था, जबकि बेटा पठानकोट गया हुआ था। सुनीता की हत्या के साथ घर में लूट की बात भी सामने आई थी। महिला के सिर पर वार किए गए थे। बेटे के फोन करने पर जब सुनीता ने फोन नहीं उठाया, तो पड़ोसियों ने बेटे की सूचना पर ही उसके घर जाकर देखा था। घर में सुनीता मृतावस्था में पड़ी हुई थी। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेते हुए जांच शुरू की थी। जाटूसाना थाना पुलिस ने हत्या के बाद परिवार से जुड़े एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। बाद में उसे बेकसूर मानते हुए छोड़ दिया गया था। सीआईए कोसली भी मामले की जांच कर रही है। लगभग दो सप्ताह बाद भी पुलिस हत्यारों का पता नहीं लगा पाई है। जाटूसाना थाना पुलिस से लेकर सीआईए तक ने हत्यसाकांड से आज तक पर्दा नहीं उठाया है, जिस कारण ग्रामीणों में पुलिस के प्रति रोष देखने को मिल रहा है। पंचायत में सरपंच अशोक कुमार, गांव के पंच व बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।



रेवाड़ी। पंचायत में मौजूद मसीत के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### प्यारेलाल के आग्रह पर ग्रामीण हुए एकजुट

कई दिनों से सुनीता हत्याकांड का खुलासा नहीं होने से परेशान उसके पति प्यारेलाल ने ग्रामीणों से इस मामले में मदद का आग्रह किया था। प्यारेलाल के आग्रह के बाद ही पूरा गांव एकजुट हो गया। वीरवार को ग्रामीणों ने पंचायत की, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि गांव में इस तरह का यह पहला जघन्य हत्याकांड है। इस हत्याकांड के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की नाकामी साबित कर रहा है। ग्रामीण महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

### 21 सदस्यीय कमेटी का किया गया गठन

पंचायत में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। गांव के जागरूक युवा रवि के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई। कमेटी ने निर्णय लिया कि पहले हत्यारों की गिरफ्तार की मांग को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों से मिला जाएगा। इसके बाद भी अगर गिरफ्तारी नहीं हुई, तो ग्रामीण सीएम नायब सिंह सैनी से मिलकर हत्यारों की गिरफ्तारी कराने की मांग करेंगे। इसके बावजूद हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो ग्रामीण एकजुट होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। सड़क जाम करने से भी ग्रामीण पीछे नहीं हटेंगे।

### सूचना मिलते ही एसएचओ पहुंचे गांव

पंचायत की सूचना मिलते ही जाटूसाना थाना प्रभारी सचिन कुंडू ग्रामीणों के बीच पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पुलिस इस मामले में विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस का प्रयास आरोपियों का जल्द पता लगाकर हत्याकांड का खुलासा करने का है। उन्होंने ग्रामीणों को संयम से काम लेने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों का पता लगाकर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है।

### हत्याकांड का जल्द होगा खुलासा

पुलिस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए कई एंगल पर काम कर रही है। कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर आरोपियों के करीब पहुंच चुके हैं। बहुत जल्द हत्याकांड का खुलासा जल्द कर दिया जाएगा।

-**सचिन कुंडू**, एसएचओ, जाटूसाना।

### कमेटी बनाएगी पुलिस पर दबाव

हत्याकांड के बाद पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति रोष है। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पूरा गांव एकजुट होकर पुलिस पर दबाव बनाएगा। सीएम व पुलिस के आला अधिकारियों से जल्द मिला जाएगा।



-**रवि प्रधान**, कमेटी।



रेवाड़ी। यात्रियों को जागरूक करते हुए उषा रुस्तगी। फोटो : हरिभूमि

# अंजान व्यक्तियों के बहकावे में न आएं बच्चे: उषा रुस्तगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला बाल कल्याण समिति की सदस्या उषा रुस्तगी ने कहा कि वर्तमान में असामाजिक तत्व बच्चों को बहला फुसलाकर कर अपहरण करके उनसे भीख मंगवाने, जबरन नौकरी कराने या अन्य गलत गतिविधियों में डालकर उनका शौषण करने में लगे हैं। इस तरह के लोगों से सभी को सचेत रहने की आवश्यकता है तथा बच्चों को भी चाहिए कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बहकावे में न आए। उषा रुस्तगी विश्व मानव तस्करी दिवस के अवसर पर रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को जागरूक कर रही थी। इस मौके पर रुस्तगी ने कहा कि हम सभी अपने बच्चों को जागरूक करे कि वे अनजान व्यक्तियों से दूर रहे व इनके बहकावें में न आए। ऐसे अनजान तत्व बच्चों का अपहरण कर उनसे अनैतिक कार्य कराते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आपको कहीं भी कोई बच्चा संदिग्ध अवस्था में नजर आए तो तुरंत इसकी सूचना 1098 या डायल-112 पर दे। उन्होंने बताया कि अनाथ बच्चे या ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित है या किसी जुर्म में जेल में है, उन्हें सरकार की ओर से 4 हजार रुपये महीने की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस अवसर पर मिशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी जगदीप रावत, तुषार कुमार, डालसा से प्रवीण कुमार, स्टेशन अधीक्षक, आरपीएफ व जीआरपी टीम मौजूद रही।

### विधायक लक्ष्मण सिंह बने जुलाना विस क्षेत्र के प्रभारी



**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को जींद जिले के जुलाना विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। जिले के पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने इस नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। जिले के पार्टी पदाधिकारियों व समर्थकों ने कहा कि लक्ष्मण सिंह को जुलाना विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाए जाने से निश्चित रूप से संगठन को फायदा मिलेगा। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।





रेवाड़ी। बुड़ानी में कैंडल मार्च निकालते ग्रामीण तथा गांव में जनसभा में मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# संघर्ष समिति ने बुड़ानी में निकाला कैंडल मार्च अस्पताल की मांग पर मिल रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


- ग्रामवासियों ने संघर्ष कमेटी का तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया

अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का रामगढ़ भगवानपुर में चल रहा वीरवार को 45वें दिन भी जारी रहा। समिति की ओर से गांवों में कैंडल मार्च जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों का तन,मन व धन से समर्थन मिल रहा है। वीरवार को धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। समिति की ओर भगवानपुर गांव में 200 बैड का अस्पताल बनाने की मांग को लेकर गांव बुड़ानी में जनसभा व कैंडल मार्च आयोजन किया। ग्रामवासियों ने संघर्ष कमेटी का तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। कैंडल मार्च व जनसभा में महिलाओं सहित सैकड़ों बुजुर्गों व नौजवानों ने हिस्सा लिया। इसके बाद बाबा भैया चौक तक कैंडल मार्च निकाला। गांव की सरपंच उषा देवी ने कैंडल प्रज्ज्वलित की। एक्स सरपंच खजान सिंह व संघर्ष समिति के संयोजक सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने जनसभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि भगवानपुर ग्राम पंचायत की मांग एकदम न्यायोचित है। इसलिए राव इंद्रजीत सिंह को अपना वादा निभाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी मांग की है कि सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए तुरंत संज्ञान ले। आंदोलन को मजबूत करने के लिए गांव कमेटी का गठन भी किया गया। ग्रामीणों ने आश्वासन दिया कि जब तक अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है, तब तक संघर्ष कमेटी को पूरा समर्थन व सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर शेरसिंह मीरपुर, कंवर सिंह एक्स सरपंच मीरपुर, महीपाल फदनी, अनिल सरपंच गोकलपुर, एडवोकेट सुधीर कुमार मीरपुर, अभय सिंह फिदेड़ी, सुदन लाल एक्स सरपंच फिदेड़ी, सतीश सरपंच बुड़ानी, रामकुमार बुड़ानी, मोहर सिंह बुड़ानी, रामकुमार, राज सिंह, इंद्रजीत नंबरदार रामगढ़, हरिओम मिस्त्री, राजबीर, वीरेंद्र सिंह फोजी, कृष्णा देवी भगवानपुर सरपंच, आशा भगवानपुर, सुनीता, शांति, मोनिका, विमला भगवानपुर, रमेश भगवानपुर, संतोष भगवानपुर, उर्मिला भगवानपुर व अनीता सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# परीक्षार्थियों के लिए वरदान बनी ईआरवी चार परीक्षार्थियों को पहुंचाया परीक्षा सेंटर

### समय पर ईआरवी की सहायता मिलने पर परीक्षार्थियों ने जताया पुलिस का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



परीक्षार्थी रेणुका



परीक्षार्थी महेश कुमार



परीक्षार्थी मोनिका

सीईटी की तरह एचटेट परीक्षा में भी पुलिस की ईआरवी सेवा चार परीक्षार्थियों के लिए वरदान साबित हो गई। समय पर मदद मिलने चारों अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित रहने से बच गए। सभी ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए समय पर मदद करने की जमकर सराहना की। एचटेट परीक्षा के दौरान आमजन की सुविधा के लिए जिला पुलिस की डायल-112 भी सक्रिय रूप से एक्टिव रही। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने डायल-112 पर आने वाली शिकायतों के समाधान के लिए निर्देश दिए हुए थे ताकि किसी भी परीक्षार्थी को परेशानी न हो। वीरवार को एचटेट परीक्षा के दौरान पुलिस की ईआरवी नंबर 586 ने सहयोग की भावना को सार्थक करते हुए परीक्षाथी रेणुका निवासी बहादुरगढ़ की डायल-112 पर कॉल आने उपरांत तुरंत मदद की और समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचाया। परीक्षार्थी रेणुका सुबह 5 बजे बहादुरगढ़ से रेवाड़ी परीक्षा देने के लिए चली थी। मौसम खराब होने के कारण धारूहेड़ा बस स्टैंड पर साधन न मिलने से परीक्षा में लेट होने से परेशान थी। पुलिस की ईआरवी ने रेणुका को समय पर उसके परीक्षा केंद्र गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल रेवाड़ी पहुचाया। इसी प्रकार परीक्षार्थी मोनिका निवासी मीरपुर को अपना एग्जाम सेंटर न मिलने के कारण परेशानी होने लगी तो उसने डायल 112 पर कॉल किया तो पुलिस की ईआरवी नंबर 579 उनके पास पहुंची और मोनिका को उसके परीक्षा केंद्र गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल रेवाड़ी में निर्धारित समयावधि में पहुंचाया। परीक्षार्थी महेश कुमार निवासी तिजारा राजस्थान ने बारिश होने के कारण परीक्षा में लेट होने की स्थिति को देखते हुए तुरंत डायल-112 पर कॉल कर सहायता मांगी। सूचना मिलते ही ईआरवी-579 टीम बिना विलंब के नाईवाली चौक पर पहुंची और परीक्षार्थी महेश कुमार को उसके परीक्षा केंद्र माता राजकौर कॉलेज सहारनवास में पहुंचाया। इसी प्रकार परीक्षार्थी सोनू निवासी गांव पाल्हावास ने बारिश होने के कारण परीक्षा में लेट होने की स्थिति को देखते हुए डायल-112 पर कॉल किया। सूचना मिलते ही ईआरवी-566 टीम जौनावास बस स्टैंड पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए परीक्षार्थी सोनू को उसके परीक्षा केंद्र यूरो इंटरनेशनल स्कूल में निर्धारित समयावधि में पहुंचाया। परीक्षार्थियों ने कहा कि यदि पुलिस समय पर मदद नहीं करती, तो वे परीक्षा में शामिल नहीं हो पाते। उन्होंने पुलिस का इस तत्परता व सहायता के लिए आभार जताया।

**एचटेट परीक्षा** — वीरवार को 17174 में से 14446 ने दी एचटेट टीजीटी व पीआरटी लेवल की परीक्षा

# दो दिन में तीन शिफ्टों में 24618 में से 20678 अभ्यर्थियों ने दी पात्रता परीक्षा, 3940 अभ्यर्थी रहे गैर हाजिर







रेवाड़ी। परीक्षा केंद्र में बायोमैट्रिक हाजरी लगाते परीक्षार्थी, केएलपी कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी तथा परीक्षार्थी की जांच करती पुलिस फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से वीरवार को जिले में दो शिफ्टों में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा यानि एचटेट का संचालन किया गया। सुबह के सत्र में 41 परीक्षा केंद्रों पर लेवल-2 टीजीटी की परीक्षा एवं शाम के सत्र में 16 परीक्षा केंद्रों लेवल-1 पीआरटी की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह के सत्र में 12296 अभ्यर्थियों में से 10462 अभ्यर्थियों ने एचटेट दिया, जबकि 1834 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। शाम की शिफ्ट में 4878 अभ्यर्थियों में से 3984 ने एचटेट की परीक्षा दी, जबकि 894 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। जिले में दो सत्रों में 17174 में से 14446 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी तथा 2728 अभ्यर्थी गैर हाजिर थे। दो दिन तक तीन सत्र में आयोजित हुई परीक्षा में 24 हजार 618 में से 20 हजार 678 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 3940 अनुपस्थित रहे। तीनों सत्र में औसतन 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा केंद्रों पर जैमर व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले एंट्री गेट पर अभ्यर्थियों के कागजातों की जांच के साथ मेटर डिटेक्टर से जांच, बायोमैट्रिक हाजरी व टैब पर फोटो के मिलान के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में एंट्री दी गई। परीक्षा केंद्र में महिला अभ्यर्थियों को नाक की लोंग, कान की बाली व हाथों के आभूषण को पहनकर जाने के अनुमति नहीं रही। यहां तक कि महिला व पुरुषों के कलाई पर बांधे डोरे भी खुलवाएं गए। परीक्षा केंद्र में लगाए गए वॉलेंटियर्स ने महिला व पुरुष अभ्यिर्थियों के जूते खुलवाकर व कपड़ों की अच्छी तरह से तलाशी ली। परीक्षा के पारदर्शी व सफल संचालन के लिए डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा सहित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उड़न दस्तों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### पूरी तरह जांच के बाद परीक्षा केंद्रों में एंट्री

वीरवार को एचटेट के लिए अभ्यर्थियों की परीक्षा समय से 2 घंटे पहले एंट्री शुरू की गई ताकि बायोमैट्रिक हाजरी व डाटा एंट्री के कार्य किए जा सकें। प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर, चेकिंग प्वाइंट सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए गए। किसी भी सूचना के आदान-प्रदान के लिए शिक्षा विभाग कार्यालय में कंट्रोल रूम भी एक्टिव रहा। लेवल-2 टीजीटी की परीक्षा प्रातः कालीन सत्र में 10 से 12:30 बजे तक एवं लेवल-1 पीआरटी की परीक्षा सायं कालीन सत्र में 3 से 5:30 बजे तक संचालित की गई।

### इनकों ले जाने की नहीं मिली अनुमति

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को अंगूठी, चैन, बालियां, हार, लटकन व ब्रोच जैसे सभी गहने, किसी भी धातु की वस्तु, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मोबाइल फोन, पेजर, ब्लूटूथ, ईयरफोन, कैलकुलेटर, घड़ी, पर्स, लॉग टेबल, हेल्थ बैंड, प्लास्टिक पाउच, कोरा या मुद्रित कागज लेकर जाने की अनुमति नहीं मिली। परीक्षा के दौरान महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र पहनने, बिंदी व सिंदूर लगाने तथा सिख अभ्यर्थियों को धार्मिक आस्था के चिन्ह ले जाने की अनुमति रही। एचटेट के दौरान सुरक्षा व सुविधा के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। परीक्षा के दौरान जिले के सभी कोचिंग सेंटर व परीक्षा केंद्रों के आसपास की फोटो स्टेट व साइबर कैफे बंद रहे। परीक्षा केंद्रों से 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लागू रही।

# कोसली में लाउडस्पीकर से सामान बिक्री करने वाले वैंडरों पर रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली ग्राम पंचायत ने गांव में लाउडस्पीकर लगाकर तेज आवाज में सामान बिक्री करने वाले वैंडरों पर रोक लगा दी है। यह फैसला ग्राम पंचायत की आम सभा में ध्वनि प्रदूषण को कम करने और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया। सरपंच रामकिशन जांगड़ा ने बताया कि गांव में अनेक प्रकार के सामान बेचने वाले लोगों की ओर से लाउडस्पीकर पर तेज आवाज के प्रयोग की शिकायतें आने के कारण पंचायत ने यह निर्णय लिया है। यह निर्णय सेंट्रल पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सीपीसीबी की गाइडलाइंस के अनुसार लिया गया है। पंचायत में लिए गए निर्णय के अनुसार लाउडस्पीकर न बजाने के आदेश का जो व्यक्ति उल्लंघन करेंगे, ग्राम पंचायत उन लोगों से 500 रुपए जुर्माना वसूल करेंगी। सरपंच ने कहा माइक व लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध का उद्देश्य गांव के वातावरण को ध्वनि प्रदूषण से बचाना है।

वे दोस्त ही होते हैं, जो पग-पग पर हमारा साथ देते हैं। खुशी हो तो साथ आकर खुशियां दुगनी कर देते हैं, दुख हो तो बांट कर कम कर देते हैं। कैसी भी समस्या हो, साथ देकर उसे खत्म कर देते हैं। दोस्ती हर बच्चे के लिए अनमोल उपहार होती है।



# प्यारे दोस्त प्यारी दोस्ती

फीलिंग्स
मोनिका शर्मा

बच्चो, क्लास मिस हो जाने पर एक्टिविटीज की इंफॉर्मेशन देने की बात हो या शाम को गली में खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करना हो या फिर कभी अगर तुम्हें चोट लग जाए तो तुम्हें सहारा देकर घर पहुंचाना हो या फिर क्लास में अपने टिफिन में तुम्हारी पसंद का खाना लाना हो। इतना ही नहीं, टीचर की डांट पड़ने पर इशारों-इशारों में 'इट्स ओके' का रिएक्शन देना हो या स्कूल बस में सीट रोकने की बात हो। तुम्हारे लिए ये सब कौन करता है? तुम्हारे फ्रेंड्स न! ऐसी लविंग-केयरिंग, शेयरिंग वाली एक्टिविटीज के पीछे एक प्यारा-सा रिलेशन होता है- फ्रेंडशिप। फ्रेंड्स एक-दूसरे के लिए इतने स्पेशल होते हैं कि उनके लिए कुछ एक्स्ट्रा करने का मन करता ही है। तभी तो दोस्ती को दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता कहा गया है।



## दोस्ती में ऊंच-नीच नहीं होता



दोस्ती में फन भी होता है और फेवर भी। शिकायतें भी होती हैं और परवाह भी। मिलकर मस्ती करने वाले इस प्यारे जुड़ाव में दोस्त की मदद करने की सोच भी बहुत गहरी होती है। दोस्ती में कोई ऊंच-नीच भी नहीं होता। दिल से एक-दूसरे को पसंद करना ही हमें मित्रता के बंधन में बांधता है। बच्चो, घर के बड़ों से भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में तो तुमने जरूर सुना होगा। भगवान कृष्ण अपने मित्र सुदामा से बहुत प्रेम करते थे, उनका बहुत सम्मान करते थे।

## प्यारा-सा गिफ्ट है फ्रेंडशिप

फ्रेंडशिप एक बहुत प्यारा और सुंदर गिफ्ट है, जिसके पैकेज में हंसी, खुशी, मौज-मस्ती और रेस्पेक्ट सब कुछ होता है। जब हम किसी मुश्किल में होते हैं, तो हमारे फ्रेंड्स हमारा साथ देते हैं। फ्रेंड्स जरूरत पड़ने पर हेल्प करते हैं। गलती होने पर समझाते हैं। कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। जैसे तुम होमवर्क-क्लासवर्क की कॉपी शेयर करके एक-दूसरे की मदद करते हो। पढ़ाई में हेल्प करते हो। क्राफ्ट मेकिंग में आइडियाज देते हो। वैसे ही लाइफ के हर एज में फ्रेंड्स एक-दूसरे को बहुत प्यार के साथ हेल्प करते हैं। इसीलिए अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा प्यार से रहना चाहिए। फ्रेंड्स को यह बताना चाहिए कि तुम उनसे कितना प्यार करते हो। याद रखो, जिंदगी के हर फ्रंट पर दोस्ती का रिश्ता बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

## फैमिली मेंबर सा फ्रेंड

बच्चो, यह बात कितनी प्यारी है न कि धीरे-धीरे फ्रेंड हमारे फैमिली मेंबर जैसे हो जाते हैं। एक-दूसरे के घर आना-जाना और साथ खेलना दोस्ती को और गहरा बनाता है। इससे आपसी अंडरस्टैंडिंग अच्छी बनती है। अपने दोस्त के फैमिली मेंबर्स की भी हमें रेस्पेक्ट करनी चाहिए। अपने मम्मी-पापा की तरह अपने फ्रेंड के पैरेंट्स



और बड़ों को भी खूब रेस्पेक्ट देनी चाहिए। अपने फ्रेंड को बहुत प्यार से अपने घर बुलाना चाहिए। फ्रेंड के घर जाओ तो वहां तुम्हें खूब प्यार से, सलीके से रहना चाहिए। सबका अभिवादन करना चाहिए।

## जरूरी है बैलेंस्ड बिहेवियर

दोस्तों से मेलजोल के समय अच्छा और बैलेंस्ड बिहेवियर बहुत जरूरी है। अपने फ्रेंड के इमोशंस को समझने के साथ ही अपनी लिमिट्स को भी जानना चाहिए। साथ खेलते, पढ़ाई करते या एंज्वॉय करते समय कभी भी फ्रेंड्स या उनके फैमिली मेंबर्स का मजाक नहीं बनाना चाहिए। बात-बात में टांग खिंचाई करना अच्छी बात नहीं होती। दिल से दोस्ती करो। हमेशा पॉजिटिव रहो और फ्रेंडशिप की प्यारी-प्यारी बातों को खूब एंज्वॉय करो। *

## कुट्टी की करो छुट्टी




**वैसे तो** दोस्ती में कोई रूल नहीं होता पर एक रूल जरूर बना लो। कभी भी आपस में नाराजगी हो जाए, तो फटाफट अपने फ्रेंड को मना लेना। सबसे पहले कुट्टी की छुट्टी करनी है। कई बार छोटी-सी बात पर फ्रेंड्स गुस्सा हो जाते हैं, यह सही नहीं है। किसी दोस्त से अगर कोई गलती हो जाए, तो उसकी गलती को इग्नोर कर उसे गले लगा लेना चाहिए। खुद से कोई गलती हुई हो तो सॉरी कहने में देर ना करो। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद को समझने, प्यार से रहने और मोटिवेट करने से कोई दोस्त कभी नाराज नहीं होता। फिर भी किसी फ्रेंड के रूठ जाने पर मनाने में देरी नहीं करनी चाहिए। यह तुम्हारी दोस्ती को और भी पक्का करने वाला कदम होगा। प्यारे बच्चो, केयरिंग-शेयरिंग ही फ्रेंडशिप की बुनियाद है।

बच्चो, इंसान ही नहीं, एनिमल्स भी आपस में दोस्त होते हैं। किस एनिमल की किस दूसरे एनिमल से दोस्ती होती है, ये अपनी दोस्ती कैसे निभाते हैं, जानो।

# एनिमल्स की अनोखी फ्रेंडशिप

रोचक
शिखर चंद जैन



बच्चो, इंसान ही नहीं कुछ एनिमल्स भी दोस्ती निभाने में पीछे नहीं होते। देखा जाता है, एक-दूसरे की जरूरत पूरी करने वाले दो भिन्न प्रजातियों या समूहों के जीव-जंतुओं में गहरी दोस्ती का रिश्ता होता है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं डिफरेंट स्पिशीज के कुछ रियल फ्रेंड्स के बारे में, जो एक-दूसरे का सहारा बनकर पूरी जिंदगी दोस्ती निभाते हैं।

**जेब्रा और शुतुरमुर्ग:** अफ्रीका के जंगलों में जेब्रा और शुतुरमुर्ग के झुंडों को साथ-साथ विचरण करते देखा जा सकता है। ये एक-दूसरे को खतरनाक जानवरों या शिकारियों के खतरे से



आगाह करते हैं। एक तरफ जहां शुतुरमुर्ग की सुनने और सूंघने की क्षमता कम होती है, वहीं जेब्रा की नजर कमजोर होती है। जेब्रा अपनी सुनने की अतिरिक्त क्षमता से किसी भी खतरे के प्रति शुतुरमुर्ग को भी सतर्क कर देता है। उधर दूर तक देखने की क्षमता रखने वाला शुतुरमुर्ग, जेब्रा को आने वाले खतरों से सावधान करता है।

**क्लाउन फिश और एनिमोन:** रतन ज्योति यानी एनिमोन एक समुद्री जंतु है, जो आमतौर पर चट्टानों से चिपका रहता है। जबकि क्लाउन फिश एक मछली है। इन दोनों का याराना इतना गहरा होता है कि लोग इनका नाम भी एक साथ जोड़कर लेते हैं-एनिमोनफिश। एनिमोन अपनी लंबी डंकनुमा भुजाओं से शिकार पर विष छिड़क कर उसे मार डालता है। इस जहर से क्लाउन फिश को कोई नुकसान नहीं होता। वह तो एनिमोन की लंबी भुजाओं में सुरक्षित बैठी रहती है और उसकी साफ-सफाई करती रहती है। उसके कारण किसी प्रकार के पैरासाइट एनिमोन की भुजाओं को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। साथ ही वह एनिमोन के लिए खुद को चारे की तरह प्रस्तुत करके उसके लिए शिकार को ललचाती है। इस प्रकार दोनों को इस दोस्ती का फायदा होता है। *

## हनीगाइड बर्ड इंसान को पहुंचाती है मधुमक्खी के छत्ते तक

**अफ्रीका** में पाई जाने वाली चिड़िया हनीगाइड, इंसानों की अच्छी दोस्त मानी जाती है। जंगलों में शहद की खोज करने वालों को यह चिड़िया मधुमक्खियों के छत्तों तक पहुंचाने का काम बखूबी करती है। यह मधुमक्खी के छत्ते की ओर इंसान का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पेड़ से



दूसरे पेड़ पर फुदकती हुई छत्ते की दिशा बताती है। इससे जहां इंसान को शहद मिल जाता है, वहीं चिड़ियों को मधुमक्खी के छत्ते से वैक्स, लार्वा आदि की शानदार दावत मिल जाती है। बच्चो, है ना यह मजेदार बात!

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## बाघ मामा, सियार भांजा लड़ा रहे हैं कहानियों में पंजा

बच्चो, जब तुम्हारे दादाजी-दादीजी कहानी सुनाते हैं तो बड़ा मजा आता है। कुछ ऐसा ही मजा तुम्हें मिलेगा, जब तुम पढ़ोगे-बुलबुल की किताब। इस किताब में तुम्हारे लिए छब्बीस कहानियां हैं। इनमें से कुछ कहानियों में सियार हीरो है, जो बाघ को मामा भी कहता है और उसको बेवकूफ भी बनाता है। ये कहानियां शक्ति पर युक्ति यानी बल पर बुद्धि की जीत बताती है। पहली कहानी 'बुलबुल और बिल्ली' में तुम्हें पता चलेगा कि प्यारी सी बुलबुल अपने बच्चों की रक्षा दुष्ट बिल्ली से कैसे करती है। 'बुलबुल और राजा' कहानी में यही बुलबुल राजा से पंगा लेती है। 'नरहरि दास' कहानी पढ़ोगे तो पता चलेगा कि एक मेमना किस तरह जंगल में सारी मुसीबतों का सामना करते हुए घर लौटता है। ये कहानियां सौ साल से भी पहले लिखी गई थीं, इन्हें बांग्ला भाषा में लिखा था मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित राय के दादाजी उपेंद्र किशोर रायचौधुरी ने। लेकिन आज भी ये कहानियां बेमिसाल हैं। उनकी एक कहानी पर 'गोपीगाइन बाघाबाइन' नाम से बच्चों की एक लोकप्रिय फिल्म भी बन चुकी है। *



**किताब:** बुलबुल की किताब, **लेखक:** उपेंद्र किशोर रायचौधुरी,
**मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**टीचर**-तुमने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया?
**भोलू**-मैम, मैंने जैसे ही होमवर्क करना शुरू किया लाइट चली गई थी।
**टीचर**-लाइट आने के बाद फिर क्यों नहीं किया?
**भोलू**- इसलिए क्योंकि मैंने सोचा कहीं मेरे होमवर्क शुरू करने से फिर से लाइट न चली जाए।

-आयुष, दुर्ग

## जीके क्विज-164



1. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में भारत की किस महिला चेस (शतरंज) प्लेयर ने फिडे महिला विश्व कप जीता?
3. राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?
4. भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहां स्थित है?
5. देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर कौन होता है?
6. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
7. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
9. मानव शरीर में कौन-सा अंग सबसे बड़ा होता है?
10. भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन कौन-सी है?

बच्चो, जीके क्विज-164 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-163 का उत्तर :** 1.इंदौर, 2.असीम कुमार घोष, 3.जैनिक सिनर, 4.यूलिया स्विरीडेंको, 5.ऋग्वेद, 6.भारत रत्न, 7.शाहजहां, 8.मिग-21, 9.नर्मदा नदी, 10.पोर्ट ब्लेयर

**जीके क्विज-163 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, ताशु-गरियाबंद, मेघा-झज्जर, कबीर-हिसार, अनन्या-रायपुर, तेजस-बालोद, सचिन-महासमुंद, राहुल-दुर्ग, विकास-रोहतक, कविता-बलौदा बाजार, संदीप-भोपाल

राघव और माधव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन कुछ ऐसी गलतफहमी हुई कि राघव ने माधव से बोलना छोड़ दिया। माधव ने राघव को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार ना था। माधव इस बात से बहुत ज्यादा दुखी था। लेकिन एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि दोनों फिर से दोस्त बन गए।

# फिर बने दोस्त






कहानी
उषा सोमानी

राघव और माधव दोनों पक्के दोस्त थे। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल में बच्चे उन्हें 'सरगम' के नाम से पुकारते थे। राघव बहुत सुरीला गाता और माधव संगत देता। उनकी सुरीली जुगलबंदी देखकर, सब के मुंह से 'वाह-वाह' निकलता। माधव की अंगुलियां वाद्य यंत्रों पर ऐसे थिरकतीं कि देखने वाला पलक झपकाना ही भूल जाता।

राघव-माधव के स्कूल में खेलकूद सप्ताह चल रहा था। फुटबॉल का मैच था। राघव और माधव दोनों अपनी-अपनी टीम के कैप्टन थे। राघव की टीम जीत रही थी। बच्चे तालियां बजाकर दोनों टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। अचानक माधव और राघव टकरा गए। राघव धड़ाम से जमीन पर जा गिरा। उसका पैर मुड़ गया। वह असहनीय पीड़ा से कराहने लगा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने एक्स-रे किया तो पता चला कि उसके पांव में फ्रेक्चर था। राघव और उसके माता-पिता को लगा कि राघव की टीम जीत रही थी, इसलिए माधव ने जान बूझकर राघव को धक्का दिया। उन्होंने माधव को बहुत भला-बुरा कहा। साथ ही राघव को माधव के साथ बोलने से मना कर दिया। माधव ने अपने को निर्दोष साबित करने का बहुत प्रयत्न किया परंतु वह असफल रहा।

राघव के पांव में प्लास्टर बंधे होने के कारण वह स्कूल नहीं आ रहा था। माधव अपने दोस्त की पढ़ाई में हो रहे नुकसान से बहुत चिंतित था। वह स्कूल का गृह कार्य लेकर राघव के घर गया, परंतु उसने माधव से बात करने से मना कर दिया। माधव मन मसोसकर लौट आया।

कुछ दिनों बाद राघव का प्लास्टर खुल गया। वह स्कूल आने लगा। माधव ने उसे पढ़ाए गए पाठ का दोहराव कर, समझाने का प्रस्ताव रखा, परंतु राघव ने मुंह फेर लिया। माधव अपने प्रिय दोस्त के नाराज होने से बहुत दुखी था। वह कक्षा में भी गुमसुम बैठा रहता। कक्षा के अन्य सहपाठियों ने दोनों में सुलह कराने की कोशिश की परंतु राघव ने किसी की भी बात नहीं सुनी।

तभी कक्षा में इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन के लिए सूचना आई। राघव सोचने लगा, उसकी और माधव की जोड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रथम आती रही है। वह माधव से बात नहीं करता, तो उसके साथ सहभागिता कैसे करेगा? उसने तय किया कि वह इस बार भाग नहीं लेगा। क्लास टीचर को जब मालूम हुआ तब उन्होंने राघव को स्टाफ रूम में बुलाया, क्योंकि वह अपने स्कूल के ग्रुप साराभाई हाउस का कैप्टन था। क्लास टीचर ने पूछा, 'तुमने और माधव ने प्रतियोगिताओं में नाम नहीं लिखवाया? अरे! तुम दोनों साराभाई हाउस के स्टार हो।'

राघव निरुत्तर था। क्लास टीचर बोले, 'हर वर्ष की तरह म्यूजिक कॉम्पिटिशन के आरंभ में सरस्वती वंदना तुम्हें ही प्रस्तुत करनी है।'

राघव भारी मन से अपनी कक्षा की ओर चल दिया। वह इसी उधेड़बुन में था कि बिना संगीत के रियाज कैसे करेगा। तभी छुट्टी होने की घंटी बजी। उसने घर जाने के लिए कंधे पर बैग लटकाया। अपनी बस में बैठने के लिए स्कूल गेट से बाहर निकल कर सड़क पर आ रहा था। तभी माधव ने बिजली-सी फुर्ती से लपक कर उसे पकड़ा और सड़क के एक ओर खींच लिया। राघव ने देखा, वह तेजी से जाती हुई एक मोटर साइकिल से टकराने से बाल-बाल बच गया। माधव उससे बोला, 'तुम्हारा ध्यान कहां है? कक्षा में भी तुम चुपचाप बैठे थे, अभी मोटरसाइकिल से टकरा जाते तो?'

राघव, माधव से लिपट गया और रोने लगा, 'मुझे माफ कर दो।'

माधव ने अपनी अंगुली से उसके आंसू पोंछे और बोला, 'पगले रोता है? आज तो खुश होने का दिन है। हमें हमारी दोस्ती वापस मिल गई।'

राघव बोला, 'तुम्हें तो पता ही है कि इंटरक्लास कॉम्पिटिशंस हो रहे हैं। मैं सरस्वती वंदना गाऊंगा। तुम संगत दोगे, तब मानूंगा कि तुमने मुझे पूरी तरह माफ कर दिया।'

माधव चहक कर बोला, 'इस वर्ष की इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन में हम सुर से सुर मिलाकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।'

दोनों खिलखिलाकर हंसते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़े बस में चढ़ गए। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



एआई इमेज

## मित्र हो तो ऐसा

कक्षा में आते ही सर ने,
रामचरन को किया इशारा।
नहीं दिखाई दिया दिनों से,
बेस्ट फ्रेंड इरफान तुम्हारा।।
ठीक कहा श्रीमान आपने,
चिंतित है मन बहुत हमारा।
पता नहीं क्या हुआ अचानक,
हफ्तों से बीमार बिचारा।।
सर बोले कक्षा में सबसे,
कुशल रहे इरफान हमारा।
हम सब मिलकर करें प्रार्थना,
ईश्वर देंगे उसे सहारा।।
सोमवार को विद्यालय में,
रामचरन देरी से आया।
क्यों देर हुई तुमको इतनी,
अध्यापक ने प्रश्न उठाया।।
इरफान बुलाता था मुझको,
संकट में थे उसके प्राण,
जान बचाने परम मित्र की,
करना था मुझको रक्त दान।।
पीठ ठोक कर गुरुवर बोले,
युग-युग जियो बहादुर बच्चे।
जो मित्रों का संकट हरते,
मित्र वही होते हैं सच्चे।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फ्रेंडशिप-डे पर पार्क में एक साथ एंज्वॉय कर रहे कुछ दोस्तों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट ये अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.आगे बाईं तरफ खड़े लड़के के बरमुडा/पैंट की लेंथ अधिक है। 2.आगे खड़ी लड़की की डुंगरी में पॉकेट बना हुआ है। 3.आगे खड़ी दूसरी लड़की के बाल खुले हुए हैं। 4.आगे बीच में खड़े लड़के की शर्ट बाहर है। 5.पीछे बाईं तरफ खड़ी लड़की का बायां हाथ नहीं दिख रहा है। 6.पीछे खड़ी दूसरी लड़की के हाथ में मोबाइल है। 7.आगे दाईं तरफ लड़के की व्हील-चेयर में आगे दो स्मॉल व्हील्स लगे हुए हैं।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ईशान को फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वहां तक कैसे पहुंचे। तुम ईशान को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



**खबर संक्षेप**

### पिता- पुत्र से मारपीट करने के मामले में दो पर केस दर्ज

**कनीना।** सिटी थाना अंतर्गत गांव कोटिया में हुए आपसी झगड़े में पिता पुत्र घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराने उपरांत पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस बारे में हवासिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर के समीप गली में घास काट रहा था, तभी उसका चाचा अपने पुत्र के साथ वहां आ गया। गाली ग्लोच करने लगे तो, उसका पिता जिलेसिंह भी वहां आ गया। आरोप है कि बिजेंद्र सिंह व उसके पुत्र मनोज ने उनके साथ मारपीट की। जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने हवासिंह की शिकायत पर आरोपित बिजेंद्र व मनोज पर केस दर्ज छानबीन शुरू कर दी है।

### ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक में बस के ठहराव की मंजूरी दी गई

**महेंद्रगढ़।** कनीना रोड पर स्थित ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक में इलाज के लिए आने वाले भूतपूर्व सैनिकों को बस ठहराव की सुविधा न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, परंतु अब डीसी के आदेश पर बसों के ठहराव को मंजूरी दे दी गई है। गांव भालखी में 30 जून को उपायुक्त के रात्रि कैंप के दौरान गांव भालखी के ही रहने वाले पूर्व सूबेदार चंदगीराम यादव ने उपायुक्त को लिखित में पत्र देकर बसों का ठहराव करने की मांग की थी।

# नेशनल हाइवे का सर्विस रोड हुआ खतरनाक ट्रैफिक पुलिस को खुद संभालना पड़ा मोर्चा

## एनएचएआई के अधिकारियों ने नहीं उठाया कदम, पुलिस ने ठेकेदार को बुलाकर पाटे सड़क के गड्ढे

टूटी सड़क के कारण बरसात होते ही लगता रहा है लंबा जाम, लोगों को हादसे का डर सताता है, समाधान में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल





**रेवाड़ी।** बनीपुर चौक पर सड़क के गड्ढे भरवाते ट्रैफिक पुलिस व बनीपुर चौक पर सड़क के गड्ढे भरवाते ट्रैफिक पुलिस।

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे नं. 48 देश के प्रमुख राजमार्गों में से एक है। इस हाइवे पर बनीपुर चौक के पास फ्लाईओवर निर्माण अधर में लटका हुआ है। सर्विस रोड हजारों वाहनों के गुजरने का रास्ता है, परंतु इसके क्षतिग्रस्त होने से हाइवे पर लंबा जाम लग जाता है। एनएचएआई के अधिकारियों को पुलिस कई बार सड़क की मरम्मत कराने के लिए सूचित कर चुकी है, परंतु इस दिशा में प्राधिकरण ने कोई खास कदम नहीं उठाए। पुलिस ने ठेकेदार को बुलाकर गड्ढे भरवाए। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने वीरवार को सड़क के गड्ढे भराने का कार्य शुरू किया, जिससे वाहन चालकों को काफी हद तक राहत मिली रही। पुल निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ होने के कारण दिल्ली से जयपुर के बीच आवागमन करने वाले वाहनों के चालकों को इस चौक के करीब आने के बाद लंबे जाम का सामना करना पड़ता है। बारिश होते ही गड्ढे ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। इनमें वाहन फंसने के बाद जमा लगना आम हो गया है। जाम का आलम यह होता है कि वाहनों की लाइनें राजस्थान सीमा के जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर तक पहुंच जाती है। लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय करने में वाहन चालकों को दो से तीन घंटे का समय लगाना पड़ता है। बारिश होते ही नेशनल हाइवे का यह हिस्सा नासूर बन जाता है। ट्रैफिक व लोकल पुलिस को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

जाम में फंसने के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रोडवेज बसों का संचालन भी एक बार जाम लगने के बाद घंटों देरी से होता है। सड़क के गड्ढों के कारण हादसों की पूरी आशंका बनी रहती है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एनएचएआई के अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया, परंतु प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए।

### हादसों का कारण बन रहे थे गड्ढे

ट्रैफिक पुलिस की ओर से एसपी हेमेंद्र कुमार को इस बात से अवगत कराया गया था कि बनीपुर चौक के सर्विस रोड पर बने गड्ढे हादसों व जाम का कारण बन रहे हैं। एसपी ने डीएसपी ट्रैफिक को आदेश दिए थे कि एनएचएआई के ठेकेदार से संपर्क करते हुए पुलिस इन गड्ढों को खुद पाटने की दिशा में कदम उठाए। इसके बाद डीएसपी पवन कुमार ने ठेकेदार महेंद्र चावला से संपर्क किया। ठेकेदार के साथ मिलकर ट्रैफिक पुलिस ने वीरवार सुबह से ही गड्ढों को भरवाने का कार्य शुरू किया गया।

### गड्ढे भरने के बाद मिली काफी राहत

*डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार ने बताया कि वीरवार को सुबह से ही ट्रैफिक पुलिस ने खतरनाक हो चुके गड्ढों को भरवाने का काम शुरू किया। इस दौरान सर्विस रोड के पानी निकासी के नालों की सफाई भी कराई गई, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके। इसका परिणाम यह रहा कि वीरवार को सड़क के गड्ढे भरने से हाइवे पर जमा जैसे हालात नहीं बने। इन गड्ढों को मिट्टी डालकर पाटा गया है, परंतु अधिक बारिश होने पर यह समस्या फिर से खड़ी हो सकती है।*



**रेवाड़ी।** जागरूकता रैली निकालते हुए सुपरवाइजर व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# लिंगानुपात में गिरावट गंभीर समस्या: योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांव करनावास में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांव करनावास में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य घटते लिंगानुपात की गंभीरता को समझाना और समाज को इसके प्रति संवेदनशील बनाना था। इस मौके पर विभाग की सुपरवाइजर योगेश कुमारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में लिंगानुपात में आ रही निरंतर गिरावट एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है। उन्होंने बताया कि समाज में बेटियों के प्रति व्याप्त भेदभाव, भ्रूण हत्या और लड़के की चाह जैसी मानसिकता इस असंतुलन का मुख्य कारण है। उन्होंने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि देश के कई राज्यों में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या लगातार कम होती जा रही है। यह स्थिति भविष्य में सामाजिक असंतुलन, वैवाहिक समस्याएं और महिलाओं के प्रति हिंसा में वृद्धि जैसी गंभीर चुनौतियों को जन्म दे सकती है। योगेश कुमारी ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे बेटियों को समान अधिकार दें, शिक्षा के प्रति जागरूक करें और समाज में लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की सोच को जड़ से समाप्त करें। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और लाडली योजना के माध्यम से बेटियों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लीला, सहायिका पुष्पा देवी व अन्य ग्रामीण महिलाएं भी उपस्थित रही। सभी ने मिलकर बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकारों के समर्थन में अपनी सहभागिता जताई।

# पुलिस टीम ने नशे से बचाव की जानकारी दी

- गांव अलावलपुर, खेडा मुरार व सूबासेडी में डोर टू डोर सम्पर्क करके जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** ग्रामीणों को जागरूक करती नशामुक्ति पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम की ओर से वीरवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गांव अलावलपुर, खेडा मुरार व सूबासेडी में डोर टू डोर सम्पर्क करके गांवों को नशा मुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। नशामुक्ति टीम ने एक नशा पीड़ति व्यक्ति की पहचान भी की। टीम ने पीड़ति व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती कराया है। नशा मुक्ति टीम द्वारा अब तक नशे से पीड़ति 80 लोगों की पहचान की गई है, जोकि किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ति है। इसके अलावा 19 नशा पीड़तिों का इलाज कराया गया है।

निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है, सभी इसका मिलकर बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि अगर आमजन के पास किसी भी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर गली की हुई पैमाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर उपमंडल प्रशासन कनीना की ओर से विवादित समझी जाने वाली गलि की पैमाइश की गई। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत के दिशानिर्देशन में भू राजस्व विभाग की तहसीलदार पायल यादव, नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, कानूनगो उमेद सिंह, राजसिंह, हलका पटवारी की ओर से रेवाड़ी रोड पर मशीन से पैमाइश कर निशानदेही की गई।

आगामी 11 अगस्त से पूर्व पैमाइश की रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल की जाएगी।

# संस्कृत अध्यापिका उषा शर्मा व सुदेश शास्त्री को सेवानिवृत्ति पर सम्मान करके दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** सेवानिवृत्त अध्यापिकाओं का सम्मान करते स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा की राज्य पुरस्कार सम्मानित संस्कृत अध्यापिका उषा शर्मा शास्त्री अपनी 38 वर्ष व पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी की संस्कृत अध्यापिका सुदेश शास्त्री 27वर्ष की सेवा पूरी करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गई। दोनों अध्यापिकाओं ने अपने सेवाकाल के दौरान निष्ठा, समर्पण, ईमानदारी व जिम्मेदारी से कार्य किया। इस अवसर पर हरियाणा राजकीय संस्कृत अध्यापक संघ की ओर से सेवानिवृत्त अध्यापिकाओं को शॉल, पगड़ी व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त उषा शर्मा, सुदेश शास्त्री व नव पदोन्नत सविता यादव संस्कृत प्रवक्ता ने संघ को 5100 रुपए की राशि प्रदान की। इस अवसर पर संरक्षक अनिल कुमार प्राचार्य सेवानिवृत्त, जिला प्रधान विक्रम शास्त्री, डॉ. रामफल मौजूद रहे।

# गुरुग्राम विजिलेंस ने मुंशी को पकड़ा, 1 लाख मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गुरुग्राम विजिलेंस ने साइबर फ्रॉड के मामले में साइबर थाना गुरुग्राम को पैसे पहुंचाने वाले बिचौले को गिरफ्तार किया है। यह बिचौला नारनौल कोर्ट में एक प्रतिष्ठित वकील के यहां मुंशी हिमांशु का काम करता है तथा वह खुद एलएलबी भी कर रहा है। वीरवार आरोपित को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसको न्यायिक हिरासत लिया गया है। नारनौल शहरी क्षेत्र गांव ढाणी किरारोद के सचिन नामक व्यक्ति फोन नंबरों का इस्तेमाल एक साइबर फ्रॉड करने वाले व्यक्ति ने कर लिया। वह व्यक्ति गुरुग्राम पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उस व्यक्ति ने नारनौल निवासी सचिन का भी नाम ले दिया। जिसके बाद साइबर थाना गुरुग्राम ने सचिन को भी उक्त मामले में शामिल कर लिया तथा सचिन का नाम मामले में शामिल कर लिया। सचिन ने नाम कटवाने के लिए गुरुग्राम विजिलेंस से बात की। इस पर गुरुग्राम विजिलेंस के विनोद व संदीप ने कहा कि वह नारनौल कोर्ट में एक वकील के मुंशी हिमांशु से संपर्क कर लें। हिमांशु से संपर्क किया तो कहा कि वहां पर एक लाख रुपये पहुंचाने हैं, काम हो जाएगा।

# सड़क सुरक्षा को निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




**रेवाड़ी।** जागरूकता रैली में शामिल सीजेएम व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीजेएम व डीएलएसए सचिव अमित वर्मा के नेतृत्व में रोड़ रूल्स-लाइफ टूल्स विषय पर जिला में एक महीने से चल रहे सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान का वीरवार का जन चेतना रैली के साथ समापन हो गया।

इस मौके पर सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों, गुड समैरिटन कानून, मोटर व्हीकल एक्ट, सड़क दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के दौरान जिले में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा विधिक विशेषज्ञों की सहभागिता से पोस्टर प्रदर्शनी, सेमिनार और सड़क सुरक्षा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। नागरिकों को यातायात नियमों जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, गति सीमा का पालन करना और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना आदि के प्रति जागरूक किया गया। वीरवार को रैली में पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वालंटियर्स, एमडीडी ऑफ इंडिया और शक्ति वाहिनी जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। साथ ही शांति देवी लॉ कॉलेज, सहारनवास तथा सिंघानिया यूनिवर्सिटी के विधि छात्र-छात्राओं की भी सक्रिय भागीदारी रही।

# आपदा से निपटने के लिए आज पांच साइटों पर मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** डीआरओ प्रदीप देशवाल।

- सुबह 9 से 12 बजे तक मॉक ड्रिल सुरक्षा चक्र लगेगा

आपदा की स्थिति से निपटने के लिए डीसी अभिषेक मीणा के नेतृत्व में एक अगस्त को सुबह 9 से 12 बजे तक मॉक ड्रिल सुरक्षा चक्र का आयोजन किया जाएगा। इसमें एनडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, आईटीबीपी, फायर ब्रिगेड, आपदा मित्र सहित सभी विभागों की टीमें भाग लेंगी।

जिला राजस्व एवं आपदा प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन एवं डीसी अभिषेक मीणा बतौर रिस्पॉन्सिबल ऑफिसर मॉक ड्रिल पर निगरानी रखेंगे। एसपी हेमेंद्र मीणा भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। डीआरओ प्रदीप देशवाल ने बताया कि किसी भी प्राकृतिक विपदा, आपात या दुर्घटना की स्थिति में जान-माल की हानि कम से कम हो, इसके लिए हमारा सुरक्षा चक्र का मजबूत होना जरूरी है।

## वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से शहीदी दिवस पर कार्यक्रम किया गया

# संस्था ने वीर शहीद उधम सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से वीरवार को शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर अवसर पर गणेशीलाल धर्मशाला में कार्यक्रम का ओयाजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के प्रदेश सचिव डा. रामबाबू यादव व प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 बैसाखी के दिन जलियांवाला बाग में भारतीयों की शांतिपूर्ण सभा हो रही थी। उस सभा में वीर उधम सिंह भी पानी पिलाने की सेवा कर रहे थे। जनरल डायर ने जलियांवाला बाग को चारों ओर से घेर कर निर्दोष निहत्थे भारतीयों पर गोली चलाने का आदेश दिया। इस गोली कांड में बड़ी संख्या में लोग मारे गए। इस मार्मिक दृश्य के साक्षी रहते हुए वीर उधम सिंह ने प्रण लिया कि वे इस हत्याकांड का बदला जरूर लेंगे। जलियांवाला बाग की घटना के 21 वर्ष बाद वीर उधम सिंह ने लंदन के कैक्शन हाल में मिचेल ओ डायर को मारकर मां भारती का मस्तक गौरवान्वित किया। 31 जुलाई 1940 को हंसते-हंसते यह महान वीर देश के लिए शहीद हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नव प्रेरणा संस्था के प्रधान हरीश मलिक ने कहा कि भी शहीद उधम सिंह को श्रृद्धासुमन अर्पित किए। अतिथियों को शहीद ए आजम भगत सिंह, भारत माता, चंद्रशेखर आजाद व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरज शर्मा जांगड़ा, सतीश भारद्वाज, हमारा परिवार के उप प्रधान हेमंत ग्रोवर, पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज, हरबंस लाल खुराना, हिमांशु पिपलानी व पुलकित ग्रोवर मौजूद थे।

# सेवा स्तंभ व हजरस ने मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** शहदी उधम सिंह को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डॉ. बीआर अंबेडकर पार्क एवं पुस्तकालय में वीरवार को सेवा स्तंभ व हजरस की ओर से जिला प्रधान भगत सिंह बौद्ध की अध्यक्षता में वीर शहीद उधम सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम वीर शहीद सरदार उधम सिंह के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सभी वक्ताओं ने उनके जीवन एवं बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला प्रधान भगत सिंह ने बताया कि जांबाज सरदार उधम सिंह का जन्म पंजाब के संगरूर जिले में हुआ था। इनके माता-पिता की मृत्यु छोटी उम्र में ही हो गई थी। इनकी प्रारंभिक शिक्षा गुरुद्वारे में हुई। बैसाखी वाले दिन जनरल डायर ने जलियांवाला बाग में मीटिंग के दौरान दरवाजे पर तोप लगा दी और गोली चलवा दी।, जिसमें 3000 लोग मारे गए। उधम सिंह की उम्र उस समय बहुत ही कम थी, लेकिन उन्होंने यह मंजर अपनी आंखों से देखा, तब उधम सिंह में इस नरसंहार का बदला लेने की सोची। उस समय सरदार भगत सिंह हथियार रखने के जुर्म में जेल में थे। उधम सिंह 1931 में वाया जर्मन होते हुए लंदन गए। वहां पर रहकर उन्होंने होटल में काम किया। एक पिस्टल खरीदी और एक दिन उन्होंने जनरल डायर को 3 गोली मार दी, जिससे उनका 21 साल पुराना मंसूबा पूरा हुआ। 1931 में उधम सिंह को जेल में डाल दिया गया।



**रेवाड़ी।** मानव तस्करी दिवस पर लोगों को जागरूक करती आरपीएफ टीम।

# मानव तस्करी विरोधी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम किया

**रेवाड़ी।** वीरवार को मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर रेलवे पुलिस बल और एमडीडी ऑफ इंडिया टीम की ओर से रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव तस्करी के शिकार लोगों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सहायता प्रदान करना और समाज को इस संगीन अपराध के प्रति जागरूक करना है। मानव तस्करी विरोधी दिवस इस वर्ष की थीम मानव तस्करी एक सख्त अपराध है, दुरुपयोग का अंत करें रही, जोकि आमजन में चेतना जागृत करने और तस्करी जैसे गंभीर अपराधों की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों, कुलियों, वेंडरों और अन्य लोगों को मानव तस्करी की पहचान, उससे बचाव और सहायता के उपायों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में आरपीएफ एसएचओ विनोद कुमार जागड़े, डीएलएसए के पीएलवी प्रदीप, सीडब्ल्यूसी सदस्य उषा रुस्तगी, एएचटीयू से परवीन, रेलवे स्टेशन अधीक्षक व सहायक पुलिस आयुक्त सहित स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। सभी अधिकारियों ने मिलकर लोगों को मानव तस्करी के खिलाफ जागरूक किया और इसे समाप्त करने की दिशा में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

### गोगामेड़ी मेले के लिए ट्रेनों में साधारण श्रेणी के 8 डिब्बों की बढ़ोतरी

■ तीन जोड़ी रेलसेवाओं में एक अगस्त से होगी साधारण श्रेणी के डिब्बों की बढ़ोतरी

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से गोगामेड़ी मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए तीन जोड़ी रेलसेवाओं में एक अगस्त से साधारण श्रेणी के आठ डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 14727/ 14728 श्रीगंगानगर-तिलकब्रिज-श्रीगंगानगर रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 1 अगस्त से 10 सितंबर तक एवं तिलकब्रिज से 3 अगस्त से 12 सितंबर तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 14705/ 14706 भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा में भिवानी से 2 अगस्त से 11 सितंबर तक एवं ढेहर का बालाजी से 2 अगस्त से 11 सितंबर तक 3 साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाडी संख्या 14725/ 14726 भिवानी-मथुरा-भिवानी रेलसेवा में भिवानी से 3 अगस्त से 12 सितंबर तक एवं मथुरा से 4 अगस्त से 13 सितंबर तक 3 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन गाडियों में साधारण श्रेणी कोच के स्थान पर द्वितीय शयनयान श्रेणी के कोच लगाए जाते है, तो उन्हे अनारक्षित-साधारण कोच माना जाएगा।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने 9 जून 2022 को दर्ज किए गए चोरी के मामले में जांच करते हुए पाया कि इसमें नूंह के रानियाकी निवासी साजिद शामिल रहा है। उसके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पूछताछ करने के बाद फिर से कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### यादव सभा का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 3 अगस्त को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव कल्याण सभा प्रवक्ता प्रो सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. तरुण यादव नेफ्रोलॉजिस्ट मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. अजीत सिंह यादव चर्मरोग व डा. कंचन यादव नेत्ररोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी की सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### रोटरी क्लब ने वितरित की सिलाई मशीने

**भिवानी।** रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने कीर्ति नगर स्थित सांस्कृतिक सदन में जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीने वितरित की। क्लब सचिव रोटेरियन निकिता असीजा ने कहा कि क्लब सदा ही समाज की भलाई के कार्यों के लिए तत्पर रहता है, जरूरतमंदों को सिलाई मशीन प्रदान की।

---

नालों की सफाई न होने से कई जगह नहीं हो सकी पानी की निकासी

# गर्मी से राहत देने के साथ सड़कों पर आफत बनी बरसात शहर में जलभराव ने फिर बढ़ाई लोगों की परेशानी

■ बरसात में ओवरफ्लो होता रहा सीवरेज सिस्टम, सड़कों के गड्ढों ने रोकी वाहनों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार सुबह से लगी सावन की झड़ी से मौसम सुहावना हो गया। बरसात से तापमान में भी कमी दर्ज की गई। जिले में पिछले 36 घंटे में करीब 150 एमएम बरसात दर्ज की गई। करीब 10 दिन से बरसात न आने से उमस भरी गर्मी परेशान कर रही थी। बरसात से लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं शहर की सड़कों पर हुए जलभराव ने शहरवासियों को एक बार फिर से आफत में डाल दिया। बस स्टैंड, सरकुलर रोड, बावल रोड, नई अनाजमंडी, नाईवाली चौक, डबल फाटक अंडरपास, सेक्टर व सब्जीमंडी सहित मॉडल टाउन व हाउसिंग बोर्ड मार्ग पर भारी मात्रा में पानी जमा हो गया, जिससे राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। इस बार भी शहर के नालों की सफाई का कार्य ठीक से नहीं होने के कारण लोगों को जलभराव से परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर में कई जगह बरसात के कारण सीवरेज सिस्टम भी ठप नजर आया। सीवर का गंदा पानी भी सड़कों पर जमा होता रहा। इसके अलावा शहर की टूटी सड़कों के गड्ढों में बरसात का पानी जमा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।





**रेवाड़ी।** बरसात से तालाब बनी नई सब्जीमंडी की सड़क, नाइवाली चौक पर बरसात से जलभराव, नगर परिषद कार्यालय के पास जमा बरसात का पानी। **फोटो :हरिभूमि**



**बावल रोड पर बरसात से हुआ जलभराव**

### कई स्थानों पर शाम तक जमा रहा पानी

वीरवार को सुबह आसमान में घने बादल घहराने के बाद रूक-रूक कर बरसात होती रही, जिसके बाद शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया। बरसात रुकने के बाद मेन बाजार व कई मार्गो पर तो पानी निकासी हो गई, लेकिन काफी सड़कों व स्थानों पर शाम तक पानी जमा रहा। ब्रास मार्केट, नई अनाजमंडी, बावल रोड, मॉडल टाउन, बस स्टैंड, राव तुलाराम पार्क व सरकुलर रोड के कई हिस्सों सहित निचले मोहल्लों में बरसात का पानी जमा रहा। नाईवाली सब्जीमंडी व नई अनाजमंड़ी में बरसात से तालाब बन गया।

**24 घंटे में हुई बरसात के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| रेवाड़ी | 11 एमएम |
| मनेठी | 71 एमएम |
| पाल्हावास | 20 एमएम |
| धारूहेड़ा | 17 एमएम |
| डहीना | 28 एमएम |
| बावल | 15 एमएम |
| कोसली | 28 एमएम |
| नाहड़ | 21 एमएम |

### बरसात में सड़कों के गड्ढे कर रहे परेशान

शहर में कई सड़कों की लंबे समय से दयनीय हालत बनी हुई है। सरकुलर रोड सहित अनेक मार्गो पर भारी-भरकम गड्ढे होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात आने पर जलभराव होने से गड्ढे न दिखने से लोगों को हर समय हादसा होने का डर बना रहता है। शहर के सरकुलर रोड, मॉडल टाउन, बावल रोड व मुख्य बाजार में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है। जगह-जगह भारी-भरकम गड्ढे वाहन चालकों व राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। भाड़ावास गेट से मोती चौक, गोकल बाजार, रेलवे रोड व काठमंडी की सड़कें पूरी तरह जर्जर हालत में आ चुकी है।

**जलभराव से खुली प्रशासन की पोल**

वीरवार को हुई तेज बारिश ने धारूहेड़ा कस्बे को जलमग्न कर दिया। सड़कों पर पानी भरने से यातायात बाधित हुआ और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। निचले इलाकों में दो फीट तक पानी भर गया। धारूहेड़ा में अभी तक बरसाती नालों की सफाई नहीं हो पाई है। गंदगी से लबालब नालों के कारण नंदरामपुर बास रोड, दिल्ली रोड व भगत सिंह चौक के पास बरसात से जलभराव हो गया। कस्बे के सरकुलर रोड पर भी पानी निकासी के दावे फेल नजर आए।

---

# बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण करने की अपील

■ संस्था की ओर से अनेक प्रजाति के करीब तीन दर्जन छायादार व फलदार पौधे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सामाजिक संस्था जन जागृति मंच ट्रस्ट की ओर से वीरवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की ओर से कंकर वाली स्थित कब्रिस्तान सहित मंदिर व कई सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए गए। संस्था की ओर से अनेक प्रजाति के करीब तीन दर्जन छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। संस्था की राष्टीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि आज तेजी से रहे औद्योगीकरण व अंधाधुंध पेड़ों के कटाव के चलते प्रदूषण भी उसी गति से बढ़ रहा है। इसलिए सभी को बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ व सुंदर वातावरण मिल सकें। इस मौके पर मंजू शर्मा, विजय, प्रेम मेहरा, रोहतास, उदयवीर, चंद्रहास, वीरेंद, शालू व अजीत कुमार सहित संस्था के सभी सदस्यों ने योगदान दिया।



**रेवाड़ी।** कंकरवाली में पौधरोपण करते हुए संस्था सदस्य। **फोटो :हरिभूमि**

### दोहरीकरण कार्य के कारण गोड्डा-दौराई साप्ताहिक रेलसेवा रहेगी मार्ग परिवर्तित

**रेवाड़ी।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखंड के मध्य अटेली-काठूवास-कुंड स्टेशनों पर दोहरीकरण के कारण नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गोड्डा-दौराई अजमेर साप्ताहिक रेलसेवा मार्ग परिवर्तित रहेगी। गाड़ी संख्या 19604 गोड्डा-दौराई अजमेर साप्ताहिक रेलसेवा 26 अगस्त को गोड्डा से प्रस्थान करके अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर एवं जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

---

# पलक झपकते ही बाइक ले गया चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

नूनकरण गेट के पास दिन दहाड़े चोर पलक झपकते ही बाइक चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें महज एक मिनट में चोर लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। गुजरान मोहल्ला निवासी सुनील कुमार की नूनकरण गेट पर दुकान है। वह घर से बाइक लेकर दुकान पर आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह ग्राहकों को सामान देने में व्यस्त हो गया। इसी दौरान एक युवक उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। जब सुनील बाहर निकला तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने पर एक बाइक के पास आता हुआ दिखाई दिया। उसने तुरंत बाइक का लॉक तोड़ा और उसे लेकर फरार हो गया। बावल थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। फुटेज में नजर आ रहे आरोपी का पहचान कराने के प्रयास भी पुलिस ने शुरू कर दिए।



**रेवाड़ी।** बाइक ले जाता युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद। **फोटो :हरिभूमि**

---

# ऑनलाइन टास्क के नाम पर 1.30 लाख रुपये की ठगी के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 1.30 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला सीकर के गांव रतनपुरा की ढाणी नंदीवाली निवासी राजेश कुमार देगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी दीपक जैन के पास गत 17 अप्रैल को व्हाट्सएप मैसेज आया था। मैसेज करने वाली ने खुद को एक कंपनी की एचआर स्पेशलिस्ट बताते हुए ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने को कहा था। इसके बाद उसने उसके पास एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करने के बाद उसने आईडी बना ली। शुरू में उसे टास्क के नाम पर 125 रुपये दिए गए। यह राशि आने के बाद उससे अलग-अलग यूपीआई आईडी पर तीन बार में 1.30 लाख ट्रांसफर करा लिए। जब उसने पैसा वापस पाने का प्रयास किया तो उससे और रुपये जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी राजस्थान के जिला सीकर के गांव रतनपुरा की ढाणी सेरावतो निवासी अजय देगड़ा, मनीष कुमार व मध्यप्रदेश के जिला दतिया के मोहल्ला दालान का बास निवासी गणेश कुशवाहा को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी राजस्थान के जिला सीकर के गांव रतनपुरा की ढाणी नंदीवाली निवासी राजेश कुमार देगड़ा को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजेश कुमार देगड़ा ने साइबर ठगों को खाता मुहैया कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।




**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी का आरोपी। **फोटो :हरिभूमि**

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों की ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष दिसंबर माह में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत वर्ष 31 दिसंबर को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में एक सोसायटी निवासी सुरेश चंद्र जोशी ने बताया था कि उसने 26 दिसंबर 2024 को फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था, जिसमें पार्ट टाइम जॉब से पैसा कमाने की बात कही गई थी। उस पर दिए गए नंबर के आधार पर वह टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। उसे कुछ टास्क दिया गया, जिसे पूरा करने के बदले पैसे दिए गए। इसके बाद ज्यादा पैसा कमाने के लिए 4500 रुपये इन्वेस्ट करने को कहा गया। इसके बदले उसे 6300 रुपये देने की बात कही गई। यह राशि जमा कराने के बाद उसे एक बाद एक कई बर रिचार्ज कराए गए। उससे लगभग 3 लाख रुपये का साइबर फ्रॉड किया गया। जब उससे 3 लाख रुपये और मांगे गए, तो उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। उसने बैंक डिटेल के साथ पुलिस को इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के शाहजहांपुर के मोहल्ला मोहम्मद जई निवासी आसिम आफाक को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक खाते में ठगी 80 हजार रुपये रकम ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने उसके अन्य साथियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

---

शिव महापुराण में शिव की महिमा एवं शिव की उपासना को लेकर पूजा करने की विधि बताई

# कथा में शिव-पार्वती का हुआ मंगल विवाह, महिलाओं ने किया कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गढ़ी बोलनी रोड बीएमजी सिटी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह के अध्याय का वर्णन किया गया। कथा वाचक आचार्य लखन महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का भावपूर्ण वृतांत सुनाया। कथा के दौरान गायक दिनेश ने 'हे री सखी मंगल गाओ री' गीत पर भक्तों को झूमने पर मजबूर किया। महिलाओं ने शिव-पार्वती विवाह पर नांच गाकर हर्षोल्लास के साथ कन्यादान किया तथा शिव-पार्वती की आरती उतार कर विवाह पर मंगल गान किया। इस मौके पर व्यास पीठ से लखन महाराज ने कहा कि हिमाचल पर्वत की कन्या पार्वती का विवाह शिव के साथ हुआ था। उन्होंने शिव की बारात का वर्णन करते हुए बताया कि शिव की बारात में भूत, प्रेत, निशाचर तथा भयंकर प्राणी शामिल हुए थे, जिन्हें देखकर हिमाचल प्रदेश के लोग विवाह के समय अपने घरों में छिप गए थे और बेहोश होकर गिर गए थे। उन्होंने शिव महापुराण में शिव की महिमा एवं शिव की उपासना को लेकर पूजा करने की विधि बताई। लखन महाराज ने कहा कि शिव की पूजा सभी को करनी चाहिए। शिव हमेशा अपने भक्तों में अच्छा ही देखते हैं और भक्तों को आनंद प्रदान कर सभी खुशियां देने वाले महादेव है। इस दौरान शिव पार्वती की मनमोहक झांकी पेश की गई। कथा के श्रोता सुनील अग्रवाल ने लखन महाराज का हाथ से बनाया हुआ चित्र भेंट किया। कथा के मुख्य आयोजक राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि शिव महापुराण कथा शनिवार 2 अगस्त तक चलेगी। रविवार 3 अगस्त को हवन के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। पंडित पुजारी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन सवा लाख शिवलिंग का रुद्राभिषेक भी किया जा रहा है, इसके साथ ही महामृत्युंजय का जप भी कथा के साथ-साथ चल रहा है। इस मौके पर कथा आयोजन समिति से रमेश शर्मा, विजय गुप्ता, कैलाश चंद शर्मा, शक्ति, अनिल किसनानी, दीपक, महेंद्र गोयल, विनयप्रधान तथा अश्विनी तिवारी सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।




**रेवाड़ी।** कथा में पेश की गई शिव-पार्वति के विवाह की झांकी, मंदिर में शिव महापुराण कथा सुनते हुए महिलाएं। **फोटो :हरिभूमि**